जेएलएन अस्पताल में संविदा नर्सिंगकर्मियों का प्रदर्शन, सेवा समाप्ति आदेश वापस लेने की मांग

अजमेर के जेएलएन अस्पताल परिसर में गुरुवार को संविदा नर्सिंगकर्मियों ने सेवा समाप्ति के आदेशों के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया।

■ कर्मचारियों ने इस निर्णय को अन्यायपूर्ण बताते हुए सरकार और प्रशासन से आदेश वापस लेने की मांग की

अजमेर, (कासं)। अजमेर के जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) अस्पताल परिसर में गुरुवार को संविदा नर्सिंगकर्मियों ने सेवा समाप्ति के आदेशों के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल करीब 227 संविदा नर्सिंग कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वे पिछले दो से तीन वर्षों से अस्पताल में लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है।

कर्मचारियों ने इस निर्णय को अन्यायपूर्ण बताते हुए सरकार और प्रशासन से आदेश वापस लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने को मजबूर होंगे। **मार्च 2027 तक वित्तीय स्वीकृति होने का दावा:** प्रदर्शन कर रहे नर्सिंगकर्मियों का कहना है कि उनकी सेवाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति मार्च 2027 तक जारी है। इसके बावजूद अचानक सेवा समाप्ति के आदेश जारी कर दिए गए, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि जेएलएन मेडिकल कॉलेज में राजमैश योजना के तहत 323 नर्सिंग स्टाफ पद आवंटित किए गए हैं, जबकि अजमेर मेडिकल कॉलेज इस योजना के दायरे में नहीं आता। ऐसे में संविदा कर्मचारियों को हटाना उचित नहीं है।

वर्षों से दे रहे हैं निरंतर सेवाएं: नर्सेज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विशाल पाराशर व नर्सिंग ऑफिसर संगीता सिसोदिया ने बताया कि संविदा नर्सिंगकर्मी पिछले कई वर्षों से मॉर्निंग, इवनिंग और नाइट शिफ्ट में लगातार सेवाएं दे रहे हैं। सीमित वेतन में कार्य करने के बावजूद कर्मचारियों ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि अचानक सेवाएं समाप्त किए जाने से 227 परिवारों की आजीविका पर संकट आ गया है। सरकार को चाहिए कि या तो राजमैश के तहत नियुक्त कर्मचारियों को अन्यत्र समायोजित किया जाए या फिर वर्तमान संविदा कर्मचारियों की सेवाएं यथावत जारी रखी जाएं।

बोनस अंक और भविष्य की संभावनाओं पर भी असर: नर्सिंग ऑफिसर दशरथ सिसोदिया ने बताया कि कई संविदा कर्मचारियों की सेवा अवधि पूरी होने पर भविष्य की भर्तियों में उन्हें बोनस अंक मिलने थे। सेवा समाप्ति के कारण उनका यह लाभ भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि केवल अपने कार्यकाल की निरंतरता चाहते हैं ताकि उनका रोजगार और भविष्य सुरक्षित रह सके।

बढ़ी जिम्मेदारियां, नहीं बढ़े स्वीकृत पद: प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पिछले दस वर्षों में जेएलएन मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ के स्वीकृत पदों में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि अस्पताल में कई नए विभाग और सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता पहले की तुलना में अधिक हो गई है। कर्मचारियों ने मांग की कि राजमैश योजना के पद अलग से स्वीकृत किए जाएं तथा वर्तमान संविदा नर्सिंग स्टाफ को यथावत बनाए रखा जाए।

मांगें नहीं मानी गईं तो होगा आंदोलन तेज: धरने में शामिल कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सुनवाई नहीं हुई और सेवा समाप्ति के आदेश वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी देते हुए सरकार से संवेदनशीलता के साथ मामले का समाधान करने की अपील की।

एडीए के हरीश अग्रवाल की एक प्रेरणादायक पहल

अजमेर(कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे आव्हान को सार्थक रूप देते हुए अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) के अधीक्षण अभियंता हरीश अग्रवाल ने एक प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने अपने निवास स्थान से अजमेर विकास प्राधिकरण कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ऊर्जा संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। गुरुवार सुबह हरीश अग्रवाल अपने घर से पैदल रवाना हुए और निर्धारित समय पर एडीए कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने बताया कि पेट्रोल और डीजल जैसे जीवाश्म ईंधनों की बचत आज समय की आवश्यकता है। छोटे-छोटे प्रयासों से न केवल ईंधन की खपत कम की जा सकती है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उनकी इस पहल की कार्यालय कर्मियों एवं शहरवासियों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। लोगों का कहना है कि जब प्रशासनिक अधिकारी स्वयं इस प्रकार की पहल करते हैं तो आमजन में भी जागरूकता बढ़ती है। और सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचता है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक/LU2012/ADA/2026-27/102035 दिनांक : 2/06/2026

लोक सूचना

श्रीमति SMT. SANTOSH पत्नी श्री SHRI LAKSHMAN जाति BHAMBHI निवासी 254, SHREE NAGAR ROAD, NEHRU NAGAR, AJMER. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निरसारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र सं.	ग्राम तहसील और जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	रामनेर ढाणी, अजमेर (अजमेर)	SMT. SANTOSH	3999/1486	1700	0.17
				कुल	0.17

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन उपरोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आइकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 02-06-2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद मकराना जिला-डीडवाना, कुचामन

क्रमांक-न.पा.म./90ए/26-27/996 लोक सूचना दिनांक-04.06.2026

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदार द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृत अधिकारों के निर्वापन के लिए प्रस्तुत किया है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल	प्रयोजनार्थ
1.	राधेश्याम भाटी पुत्र शंकरलाल जाति बावरी निवासी शिव बस्ती काला नाडा	तहसील मकराना जिला डीडवाना कुचामन	जूसरिया	399/59	6292.82 वर्गमीटर	आवासीय प्रयोजनार्थ

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अनिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

- आयुक्त, नगर परिषद, मकराना

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राजस्थान)

भीलवाडा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास

E-Mail ID-eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक/न0पा0गु0/कृषि भूमि/2026/231-233 दिनांक- 01/06/2026

- आपत्ति आमंत्रण सूचना -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विखण्डन/नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति नियमन के तहत् निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने मे किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस मे लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते है। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी

क्र. सं.	ऑनलाईन आवेदन क्रमांक	नाम आवेदक	भूखण्ड संख्या	साईज	क्षेत्रफल (वर्गगज)	कॉलोनी व भूखण्ड के पडौस	फाईल का प्रकार
1.	363900 30.05.2026	श्री गनेश लाल गुर्जर पुत्र श्री भैरू लाल गुर्जर, पाटन(आसीन्द)	52	25'X40'	111.11	नाकोड़ा नगर, गुलाबपुरा। पूर्व - भूखण्ड संख्या 45 स्थित। पश्चिम- रोड 20 फिट चौड़ा स्थित। उत्तर- रोड 25 फिट चौड़ा स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 51 स्थित।	कृषि भूमि नियमन
2.	363904 30.05.2026	श्री गजानन्द शर्मा पुत्र श्री सीता राम शर्मा, गुलाबपुरा	57	25'X40'	111.11	नाकोड़ा नगर, गुलाबपुरा। पूर्व - रोड 20 फीट स्थित। पश्चिम- भूखण्ड संख्या 64 स्थित। उत्तर- रोड 20 फीट स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 58 स्थित।	कृषि भूमि नियमन
3.	291249 13.10.2025	श्रीमती शारदा देवी पत्नि श्री भंवर लाल गुर्जर, बड़ला	63	25'X40'	111.11	नाकोड़ा नगर, गुलाबपुरा। पूर्व - भूखण्ड संख्या 58 स्थित। पश्चिम- आम रास्ता 20 फीट चौड़ा स्थित। उत्तर- भूखण्ड संख्या 64 स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 62 स्थित।	कृषि भूमि नियमन
4.	363906 30.05.2026	श्री अमित कुमार पुत्र श्री बीरपाल सिंह जाट, गौतम बुद्ध नगर (यू.पी.)	69	25'X40'	111.11	नाकोड़ा नगर, गुलाबपुरा। पूर्व - रोड 20 फीट चौड़ा स्थित। पश्चिम- अन्य आराजी स्थित। उत्तर- रोड 25 फीट चौड़ा स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 70 स्थित।	कृषि भूमि नियमन
5.	363910 30.05.2026	श्रीमती शारदा देवी पत्नि श्री भंवर लाल गुर्जर, बड़ला	38	25'X40'	111.11	नाकोड़ा नगर, गुलाबपुरा। पूर्व - भूखण्ड संख्या 35 स्थित। पश्चिम- रोड 20 फीट चौड़ा स्थित। उत्तर- भूखण्ड संख्या 39 स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 37 स्थित।	कृषि भूमि नियमन
6.	363913 30.05.2026	श्री दीपक शर्मा पुत्र श्री रामकिशोर वर्मा, सुल्तानपुर. (यू.पी.)	39	25'X40'	111.11	नाकोड़ा नगर, गुलाबपुरा। पूर्व - भूखण्ड संख्या 37 स्थित। पश्चिम- रोड 20 फीट चौड़ा स्थित। उत्तर- भूखण्ड संख्या 40 स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 33 स्थित।	कृषि भूमि नियमन

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका,गुलाबपुरा

NAME CHANGE

I, Muthuirulayi Mother of Army No. 23003445P, GNR(DMT), Maruthupandi M, Residing at Vill & Po:- Melauppiligundu, Tehsil:- Kallikudi, Dist:- Madurai, Tamil Nadu, 625022 have change my name from Muthuirulayi to Muthuirulayi M vide affidavit no. CF 288544 dt 04/06/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No. 17029340K, Sep, B K Sahoo, Residing at Vill:- Bhingarpur, Po:-Sasan, Tehsil:-Balianta, Dist:- Khordha, Odisha, 752102 have change my Father's name from Bijay Kumar Sahoo to Bijaya Kumar Sahoo vide affidavit no. CF 288534 dt 04/06/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No. 14648734M, Hav(DMT), Ajay Kumar Yadav, Residing at Vill:- Bilrua, Po:-Rudalpur, Tehsil:- Hathua, Dist:- Gopalganj, Bihar, 841426 have change my Wife's name from Poonam Devi to Poonam Yadav vide affidavit no. CF 288533 dt 04/06/2026 at court campus Nasirabad

NOTICE TO SHOW CAUSE

(Appendix H, Form No.4)

In the High Court of judicature for Rajasthan, Bench at Jaipur

D.B.CIVIL REVIEW PETITION NO. 388/2017

IN

D.B.SPECIAL APPEAL(WRITS) NO.1678/2008

RADHEY SHYAM & ORS. VS BOARD OF REVENUE & ORS

To, Respondent No.

4/5, Guddu Sharma 58 years (Daughter) (Resident of 45, Bank Colony, Madhuvan, Alwar (Raj). At Present Residing in Ajmer (Raj.) Where as the above named Petitioner Mr. RADHEY SHYAM has made an application to this court that.

You are hereby warned to appear in the court in person or by a pleader duly instructed on the 03 Day of July 2026 at 10:30 AM o'clock in the forenoon, to show cause against the application failing wherein, the said application will be heard and determined ex-party. Given under may hand and seal of this court on the 19 Day of May 2026.

प्रशासनिक अधिकारी न्यायिक राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ, जयपुर

फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण

ब्यावर, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी आशापुरा माता मंडल, ब्यावर द्वारा गुरुवार को गुरुद्वारा परिसर में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के उद्देश्य से संगोष्ठी एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आमजन को 200 फलदार एवं छायादार पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इनसे निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आव्हान किया।

ब्यावर में मंत्री रावत ने राजियावास तालाब में सुराघाटा फीडर निर्माण को मंजूरी दी

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम में पधारे मंत्री रावत ने क्षेत्र को बड़ी सौगात दी।

ब्यावर (निसं) ग्राम पंचायत राजियावास के ऐतिहासिक तालाब की पाल पर गुरुवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम में पधारे जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। मंत्री रावत ने सरपंच/प्रशासक ब्रजपाल सिंह रावत की 63 वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए राजियावास तालाब में जल आवक बढ़ाने वाले सुराघाटा फीडर के निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपये की स्वीकृति की घोषणा की।

मंत्री ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को सुराघाटा फीडर का विस्तृत एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासक ब्रजपाल सिंह रावत की मांग पर राजियावास तालाब को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में शामिल करने हेतु कार्ययोजना बनाने के आदेश भी दिए। इन घोषणाओं से कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। तालाब का विहंगम दृश्य देख हुए अभिभूत -मंत्री रावत ने तालाब की पाल से लबालब भरे जलाशय का विहंगम दृश्य देखकर ग्रामीणों की सराहना की। उन्होंने ग्रामीणों से तालाब की प्राकृतिक सुंदरता एवं स्वच्छता बनाए रखने तथा जल संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

इसके पश्चात मंत्री ने तालाब की पाल स्थित शिव मंदिर में पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक किया, दीप प्रज्ज्वलित कर क्षेत्र में समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पंडित राधेश्याम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाई तथा पीपल पूजन कर वृक्षारोपण भी किया।

विधायक ने बताया सांझी धरोहर :क्षेत्रीय विधायक शंकरसिंह रावत ने सरपंच ब्रजपालसिंह की दोनों मांगों को जायज बताते हुए मंत्री से इन्हें शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने राजियावास तालाब को राजियावास एवं कालिंजर गांवों की सांझी ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण पर जोर दिया।

21 किलो की पुष्पमाला से हुआ भव्य स्वागत: सरपंच/प्रशासक ब्रजपालसिंह रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जयघोष के साथ जल संसाधन मंत्री का 21 किलो की विशाल पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, प्रधान गणपतसिंह रावत, सरपंच संघ अध्यक्ष महिपालसिंह, एडीएम ब्रह्मदत्त जाट, मंडल अध्यक्ष जयसिंह सुहावा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अजमेर में अस्थायी सफाई कर्मचारियों का आंदोलन तेज

आंदोलनरत कर्मचारियों ने ठेकेदार का पुतला फूंककर जताया विरोध।

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम के अस्थायी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रही। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत कर्मचारियों ने ठेकेदार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने रैली निकालकर ठेकेदार का पुतला दहन किया और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे हैं, लेकिन उन्हें उनके कार्य के अनुरूप उचित पारिश्रमिक और आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वर्तमान वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने मांग की कि उन्हें प्रतिदिन 500 रुपये के हिसाब से वेतन दिया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान भुगतान उनकी मेहनत और कार्यभार की तुलना में काफी कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि के साथ-साथ सफाई कार्य के लिए आवश्यक संसाधन और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की भी मांग की। उनका कहना है कि कई बार पर्याप्त उपकरणों के अभाव में उन्हें कठिन परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी बढ़ जाते हैं। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने ठेकेदार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए उसका पुतला दहन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याओं और मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर जल्द समाधान निकालने की मांग की। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अपने अधिकारों और सम्मानजनक वेतन के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

श्रीमद भागवत कथा में आस्था का सैलाब उमड़ा

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। धार्मिक परोपकारिणी समिति की और से बालाजी की बगीची में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिवस आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। विधायक डॉ विकास चौधरी, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष रामनारायण झंवर, मंत्री किशन बंग, युवा नेता सुभाष चौधरी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कथा यजमान श्यामसुंदर पूनम अग्रवाल परिवार सहित नन्दलाल सोमानी, अभिषेक बागड, शिवरतन लढा ओमप्रकाश आदि अतिथियों ने लोकप्रिय कथा वाचक अशोक व्यास का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। समिति से निरंजन वैद, राधेश्याम बियानी सुभाष सेठी, विनोद बांगड़, प्रेमसागर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कथावाचक अशोक व्यास ने कहा संसार के सभी मोह और बंधन को छोड़कर श्रीमद् भागवत कथा सुनकर भगवान की शरण मे जाने से जीवन का कल्याण होता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत दादीया पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक : ग्रा.प.दा./2026-27/30 ई-निविदा सूचना संख्या /2026-27 दिनांक :03.06.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसबीएस/एफएफसी/एसएफसी योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत दादिया में कचरा संग्रहण केंद्र निर्माण कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षि दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	TENDER Id
1	दादीया	ZAJ2627A0540	ZAJ2627WSRC00548	2026_PRD_564252_1

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत दादीया, पं.स.अराई, जिला अजमेर

प्रशासक ग्राम पंचायत दादीया पं.स.अराई, जिला अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत देवपुरी पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक : ग्रा.प.देवपुरी/2026-27/43 ई-निविदा सूचना संख्या 02/2026-27 दिनांक :02.06.2026

ग्राम पंचायत देवपुरी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यों के लिए निर्माण सामग्री (यथा ग्रेवल, क्वेरी, रबिश, ईंट प्रथम श्रेणी, पत्थर, रेत/बजरी,क्रेशर,ब्रोकन, गिट्टी, सीमेंट, चूना, पट्टियां, वाईडिंग वायर, चिनाई खरचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एवं खिड़िकियां, एनमेल पेंट आदि सामग्री, पानी टेंकर सप्लाई एवं किराये पर सीमेंट कंकरीट मिक्सर, रोड रोलर, सीमेंट कांकरिट इन्टरलॉकिंग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।उपरोक्त निविदाएं हेतु वेब पोर्टल http://www.rproc.rajasthan.gov.in/http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	TENDER Id
1	देवपुरी	ZAJ2627A0542	ZAJ2627GLRC00552	2026_PRD_564305_1

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देवपुरी, पं.स.अराई, जिला अजमेर

प्रशासक ग्राम पंचायत देवपुरी पं.स.अराई, जिला अजमेर

NAME CHANGE

I, Eswrmma Mother of Malleswara Rao Veedhi, Residing at Vill:- Sivarampuram, Po & Tehsil:-Vajrapukotturu, Dist:- Srikakulam, Andhra Pradesh, 532222 have change my name from Eswrmma to Eswarmma Veedhi vide affidavit no. CF 288528 dt 04/06/2026 at court campus Nasirabad

कार्यालय जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण, अजमेर

Email- ajmer.rj-dra@nic.in

सूचना

क्रमांक-CEA/Path lab/2026 दिनांक-04.6.26

आमजन को सूचित किया जाता है कि नैदानिक स्थापन के अन्तर्गत पैथलेब के स्थाई रजिस्ट्रीकरण हेतु न्यूनतम मानक की अनुपालना के संबंध में विस्तृत सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट www.clinicaliestablish-ments.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त पैथलेब के द्वारा न्यूनतम मानक की अनुपालना की सूचना गलत प्रेषित की गई है, के संबंध में यदि किसी व्यक्ति द्वारा आपत्ति प्रेषित की जानी है, तो उसके द्वारा प्राधिकरण की ई-मेल आई.डी. admh-ha-rj@rajasthan.gov.in पर 30 दिवस में मय प्रमाण के सूचित करें।

-पैथलेब का नाम- समर्पण न्यूरो स्पाइन एंड मल्टीस्पेशियलिटी मेडिकेयर प्रा.लि., पता- सीपी-02-,पुष्कर रोड, सिटी प्राइड गार्डन के पास,हरिभाऊ उपाध्याय नगर एक्सटेंशन, जिला-अजमेर(राज.), प्रकार- बुनियादी।

-डॉ. ज्योत्सना रंगा, संयोजक, जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर

'रन फॉर एनवायरमेंट' से पर्यावरण संरक्षण व जल संवर्धन का संदेश दिया

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'रन फॉर एनवायरमेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और आमजन ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजा साइकिल चौराहे से मार्टिंडल ब्रिज तक आयोजित दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल, जिला कलक्टर लोकबंधु तथा जिला वन अधिकारी पी. बाला मुरुगन ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संकल्प दिलाया।

अनीता भदेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल, वन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान कर रहा है। पर्यावरण केवल हमारे जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी है। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन एक-दूसरे के पूरक हैं। जल स्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा वृक्षारोपण जैसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आव्हान किया।

जिला वन अधिकारी पी. बाला मुरुगन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक सामाजिक दायित्व है। वृक्षारोपण, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण के माध्यम से पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से प्रकृति के संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव अपनाने की अपील की। दौड़ का समापन राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यालय नगर पालिका केकड़ी (जिला- अजमेर)

Email ID - npkekri2011@gmail.com Phone (O) : 01467-220002, 220019

web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के../2026-27/784 दिनांक : 02.06.2026

आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में निम्न आवेदको धारा आनॅलाईन हस्तानान्तरण व भवन निर्माण स्वीकृति चाहने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा :-

क. सं.	आवेदक/पिता का नाम	आवेदित स्थल	नाप वर्गगज	उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम
1	श्रीमती पूजा हरिजन पत्नि दिलीप कुमार	सूरजपोल गेट के बाहर हरिजन मौहल्ला केकडी	69.69	आम रास्ता	रतन हरिजन मकान	गली रास्ता	बिरदीचन्द हरिजन
2	श्री जयदीप सिंह पुत्र जोरावर सिंह	जोशी कॉलोनी प्रथम द्वितीय अजमेर रोड केकडी	126.66	30' रोड	प्लॉट नं. 03 का शेष भाग	प्लॉट नं. 02, 26	प्लॉट नं. 04 व 28
3	श्री विष्णु कान्त शर्मा पुत्र मुकेश कुमार शर्मा	13 शांतीनाथ नगर प्रथम कॉलोनी अजमेर रोड केकडी	123.00	30' रोड	प्लॉट नं. 24	30' रोड	प्लॉट नं. 12
4	श्री बुद्धिप्रकाश जैन पुत्र गणेश लाल	42 व 418 भाग सुभाष नगर कॉलोनी सापन्दा रोड केकडी	67.00	42 का भाग उत्तरी	418 का दक्षिणी भाग	30' रोड	कृषि भूमि

क. सं.	आवेदक/पिता का नाम	स्वीकृत योजना	भूखण्ड नम्बर	क्षेत्रफल वर्गमीटर में	प्रयोजनार्थ
1	श्री गोपाल पुत्र भूरा माली	विकास नगर प्रथम केकड़ी	27	104.08	निर्माण स्वीकृति
2	श्री अरविन्द कुमावत पुत्र भंवर लाल	सुभाष कॉलोनी अजमेर रोड केकड़ी	07	111.52	निर्माण स्वीकृति
3	श्रीमती संतोक चौधरी पत्नि सुखलाल श्रीमती छोटी चौधरी पत्नि रामेश्वर श्रीमती अनिता चौधरी पत्नि प्रहलाद चौधरी	सुखशांती नगर अजमेर रोड केकड़ी	1A, 1B, 2A, 2B	387.33	निर्माण स्वीकृति
4	श्री मधुलिका दाधीच पत्नि बुद्धिप्रकाश दाधीच	शास्त्री नगर कॉलोनी अजमेर रोड केकड़ी	26, 27, 28	55.62	निर्माण स्वीकृति
5	श्री अविनाश विजय पुत्र रामअवतार विजय	विजय कॉलोनी दण्ड का रास्ता केकड़ी	33	111.52	निर्माण स्वीकृति
6	श्री निशांत विजय पुत्र रामअवतार विजय	विजय कॉलोनी दण्ड का रास्ता केकड़ी	34	111.52	निर्माण स्वीकृति
7	श्रीमती कमलेश देवी टेलर पत्नि दशरथ कुमार टेलर	गोकुल धाम कॉलोनी अजमेर रोड केकड़ी	17	98.88	निर्माण स्वीकृति

राज.संवाद/सी/26/4196 अधिशाषी अधिकारी